a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

Exam. Code : 103203
Subject Code : 1114

B.A./B.Sc. 3rd Semester

HINDI ELECTIVE

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

खण्ड–एक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** पंक्ति में दीजिए :

(क) अलंकार क्या है ?

(ख) उपमेय क्या है ?

(ग) उपमा कौन-सा अलंकार है ?

(घ) अनुप्रास कौन-सा अलंकार है ?

(ङ) विरोधाभास अलंकार कौन-सा है ?

(च) रूपक अलंकार क्या है ?

(छ) स्वर क्या है ?

(ज) हिन्दी में कितने स्वर हैं ?

(झ) 'छात्र' शब्द का लिंग बदलिए।

(ञ) 'माली' शब्द का लिंग बदलिए।

(ट) 'लोग' शब्द एकवचन है या बहुवचन ?

(ठ) 'नदी' शब्द का वचन बदलिए।

(ड) 'पहाड़' शब्द का वचन बदलिए।

(ढ) 'प्राण' शब्द एकवचन है या बहुवचन।

(ण) 'जगन्नाथ' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
ad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

(त) 'संन्यासी' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।

(थ) 'विद्यालय' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।

(द) जगत् + ईश में संधि कीजिए।

(ध) नीति + ईश में संधि कीजिए।

(न) रवि + इन्द्र में संधि कीजिए। 1×20=20

खण्ड–दो

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) सतगुरु की महिमा अनँत, अनँत किया उपगार।
लोचन अनँत उघाड़िया, अनँत दिखावणहार

(ख) कबीर कूता राम का, मुतिया मेरा नाउँ।
गलै राम की जेवड़ी, जित खैंचै तित जाउँ।।

(ग) मनै की गति कही न जाइ। जे को कहै पिछै पछुताइ।
कागदि कलम न लिखणहारू। मंने का बहि करनि वीचारु।
ऐसा नामु निरंजनु होइ। जे को मंनि जाणै मनि कोइ।।

(घ) चरन-कमल बंदौ हरि-राइ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कछु दरसाइ।
बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार-बार बंदौं तिहि पाइ।।

(ङ) काहू बीन गहा कर, काहू नाद मृदंग।
सबन्ह अनन्द मनावा, रहसि कूदि एक संग।।

(च) कनकु कनक तैं सौगुनी, मादकता अधिकाइ।
उहिं खाऐं बौराइ, इहिं पाऐं ही बौराइ।। 6×3=18

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर **दो-दो** पृष्ठों में दीजिए :
   (क) तुलसीदास का साहित्यिक परिचय दीजिए।
   (ख) सूरदास का साहित्यिक परिचय दीजिए।
   (ग) सूरदास की भक्ति पर प्रकाश डालिए।
   (घ) गुरु तेग बहादुर की भक्ति पर प्रकाश डालिए।
   6×2=12

4. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **दो** पृष्ठ में दीजिए :
   (क) उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरणसहित दीजिए।
   (ख) प्रतीक अलंकार की परिभाषा उदाहरणसहित दीजिए।
   6×1=6

5. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **दो-दो** पृष्ठों में दीजिए :
   (क) 'कबीर वाणी' का सार लिखिए।
   (ख) गुरुनानक देव का साहित्यिक परिचय दीजिए।
   (ग) बिहारी का साहित्यिक परिचय दीजिए। 6×2=12

खण्ड–तीन

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **पाँच-पाँच** पृष्ठों में दीजिए :
   (क) गुरु गोबिन्द सिंह के जीवन एवं काव्य पर व्यापक रूप से प्रकाश डालिए।
   (ख) रहीम के जीवन एवं काव्य पर व्यापक रूप से प्रकाश डालिए।
   (ग) हिन्दी साहित्य के इतिहास के काल-विभाजन की समस्या पर विचार कीजिए।
   (घ) आदिकाल की परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।
   16×2=32

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
d free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab